भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 481

जिसका उत्तर दिनांक 06.02.2020 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में घरेलू निवेश

481. श्री परिमल नथवानी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में घरेलू निवेश पर्याप्त नहीं है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अनुमति देने के लिए विभिन्न पक्षों से सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू तथा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई गई है;

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) इस संबंध में सरकार ने क्या अनुवर्ती कार्रवाई की है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) वर्तमान में, देश में 6780 MW की कुल क्षमता वाले बाईस (22) रिएक्टर प्रचालनरत हैं । इसके अतिरिक्त, 6700 MW की कुल क्षमता वाले नौ (9) रिएक्टर वर्तमान में निर्माणाधीन हैं । सरकार ने जून 2017 में 9000 MW की कुल क्षमता वाले बारह (12) अन्य रिएक्टरों के लिए भी प्रशासनिक अनुमोदन एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है ।

नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के लिए पूंजी निवेश ऋण से इक्विटी 70:30 के अनुपात में किया जा रहा है ।

इक्विटी भाग की निधि एनपीसीआईएल के आंतरिक संसाधनों और सरकारी बजटीय समर्थन से प्रदान की जाती है ।

(ग) से (छ) वर्तमान नीति (सरकार की समेकित एफडीआई नीति) परमाणु ऊर्जा को निषिद्ध क्षेत्रों की श्रेणी में रखती है । तथापि, नाभिकीय विद्युत संयंत्रों और अन्य संबद्ध सुविधाओं के लिए उपकरण के विनिर्माण करने और अन्य आपूर्तियाँ उपलब्ध कराने के लिए नाभिकीय उद्योग में एफडीआई पर कोई प्रतिबंध नहीं है । भारत सरकार ने वर्ष 2015 में परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 में संशोधन किया है जिससे नाभिकीय विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एनपीसीआईएल के संयुक्त उद्यमों को लाइसेंस दिया जा सके । घरेलू निवेश बढ़ाने के लिए एनपीसीआईएल द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों - नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी), इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और नेशनल एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) के साथ संयुक्त उद्यम बनाए गए हैं ।

*****